# कार्यालय : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जौनपुर

## विज्ञप्ति

पत्रांक : एस0एस0ए0/ 195 /2017–18 दिनांक 22-7-2017

राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान एवं सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पत्रांक:के0जी0बी0वी0/3–2/8688/2015–16 दिनांक 18 मार्च, 2016 के क्रम में जनपद जौनपुर में संचालित 19 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में वार्डेन, पूर्ण कालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, सहायक रसोइयां एवं चौकीदार के रिक्त् पदों पर निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से एक वर्ष/शैक्षिक सत्र के लिए संविदा पर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, निकट कोतवाली चौराहा, डायट परिसर, जौनपुर में विलम्बतम् दिनांक 10.08.2017 को सायं 05.00 बजे तक** स्वीकार किये जायेगें। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। रिक्त् पदों पर विद्यालयवार विवरण एवं अर्हता निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | क0गां0बा0 वि0 का नाम | विषय एवं रिक्त् पदों की संख्या | आरक्षण श्रेणी | आयु | निर्धारित शैक्षिक योग्यता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला) | रामनगर | हिन्दी/ संस्कृत–1 | अनु0जाति | 25 वर्ष से 45 वर्ष तक | निर्दिष्ट विषय के साथ प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 उत्तीर्ण | रू0 20,000 |
| | | शाहगंज | विज्ञान–1 | अनारक्षित | | | |
| | | बक्शा | समाजिक विषय–1 | अनारक्षित | | | |
| | | धर्मापुर | अंग्रेजी–1 | अनु0जाति | | | |
| | | मुंगरा बादशाहपुर | अंग्रेजी–1 | अनारक्षित | | | |
| | | महराजगंज | गणित–1 | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | मछलीशहर | गणित –1 | अनारक्षित | | | |
| | | शाहगंज | गणित –1 | अनारक्षित | | | |
| 2. | अंश कालिक शिक्षिका (महिला को वरीयता) | जलालपुर | गणित –1 | अ0पि0वर्ग | 25 वर्ष से 45 वर्ष तक | निर्दिष्ट विषय के साथ प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 उत्तीर्ण (बी0पी0एड0, सी0पी0एड0, डी0पी0एड0 तथा व्यायाम रत्न आदि उपाधियाँ केवल शारीरिक शिक्षा के | रू0 5,000 |
| | | बरसठी | कम्प्यूटर–1 | अनु0जाति | | | |
| | | मुंगरा बादशाहपुर | कम्प्यूटर–1 | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | डोभी | कम्प्यूटर–1 | अनारक्षित | | | |
| | | मछलीशहर | हिन्दी/ संस्कृत–1 | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | करंजाकला | विज्ञान–1 | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | खुटहन | समाजिक विषय–1 | अ0पि0वर्ग | | | |

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जौनपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | खुटहन | समाजिक विषय–1 | अ0पि0वर्ग | | शारीरिक शिक्षा के अध्यापन हेतु मान्य होंगी, किन्तु शारीरिक शिक्षा पद पर चयन हेतु बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 तथा डी0पी0एड0 अभ्यर्थियों हेतु टी0ई0टी0 अनिवार्य नहीं होगी।) | |
| | | बरसठी | समाजिक विषय–1 | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | केराकत | समाजिक विषय–1 | अनारक्षित | | | |
| | | करंजाकला | अंग्रेजी– 1 | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | बरसठी | गणित –1 | अनारक्षित | | | |
| | | रामपुर | गणित –1 | अनारक्षित | | | |
| | | रामनगर | गणित –1 | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | सुइथाकला | गणित –1 | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | डोभी | गणित –1 | अनु0जाति | | | |
| 3. | लेखाकार (महिला) | सुइथाकला | स्नातक (वाणिज्य) प्रति विद्यालय 01 | अनु0जाति | 25 वर्ष से 45 वर्ष तक | स्नातक (वाणिज्य) तथा एम0एस0 ऑफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य होगा। डी0ओ0ई0ए0सी0 सी0 या समकक्ष संस्था से "ओ" लेवल कम्प्यूटर शिक्षा में डिप्लोमा की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। | रू0 10,000 |
| | | खुटहन | | अनारक्षित | | | |
| | | डोभी | | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | मुंगरा बादशाहपुर | | अनु0जाति | | | |
| | | केराकत | | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | मड़ियाहूँ | | अनारक्षित | | | |
| | | बक्शा | | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | रामनगर | | अ0पि0वर्ग | | | |
| | | महराजगंज | | अनारक्षित | | | |
| 4. | मुख्य रसोइयां (महिला) | महराजगंज | आठवीं पास–1 | अनु0जाति | 25 वर्ष से 45 वर्ष तक | आठवीं पास (शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।) | रू0 5,000 |
| 5. | सहायक रसोइयां (महिला) | करंजाकला | आठवीं पास–1 | अनारक्षित | 25 वर्ष से 45 वर्ष तक | आठवीं पास एवं पाक कला में निपुण (शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए)। | रू0 4,500 |
| | | करंजाकला | | अनु0जाति | | | |
| | | शाहगंज | | अ0पि0वर्ग | | | |

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जौनपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | चपरासी | मछलीशहर | आठवीं पास–1 | अनारक्षित | 25 वर्ष से 45 वर्ष तक | आठवीं पास (शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।) | रू0 5,000 |
| | | मुंगरा बादशाहपुर | | अनारक्षित | | | |

आवश्यक निर्देश/अर्हता –

1. पूर्ण कालिक शिक्षिका, लेखाकार, मुख्य रसोइयां एवं सहायक रसोइयां पद पर महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा। अंश कालिक शिक्षिका के पद पर महिला अभ्यर्थी के आवेदन प्राप्त न होनी की दशा में पुरूष अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार किया जायेगा।
2. चयन के उपरान्त् पूर्ण कालिक शिक्षिका, मुख्य रसोइयां एवं सहायक रसोइयां को विद्यालय परिसर में स्वयं की व्यवस्था पर बालिकाओं के साथ निवास करना अनिवार्य होगा।
3. पूर्ण कालिक शिक्षिका, अंश कालिक शिक्षिका एवं लेखाकार के पदों पर चयन हेतु हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक तथा प्रशिक्षण योग्यता के अंको के प्रतिशत को जोड़कर लब्धांक की गणना की जायेगी/लब्धांक श्रेष्ठता के आधार पर चयन किया जायेगा। अतः स्नातक स्तर के समस्त वर्षों के अंक–पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा। मुख्य रसोइयां, सहायक रसोइयां एवं चपरासी के पद हेतु साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा, जिसकी सूचना बाद में दूरभाष/डाक से दी जायेगी। साक्षात्कार हेतु कोई मार्ग व्यय तथा अन्य भत्ता देय नहीं होगा।
4. प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत् एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 तथा उनके समकक्ष (मान्यता सम्बन्धी पत्र अवश्य संलग्न करें) इत्यादि प्रशिक्षण तथा उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 (लेखाकार, मुख्य रसोइयां, सहायक रसोइयां तथा चपरासी को छोड़कर) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
5. बी0पी0एड0, सी0पी0एड0, डी0पी0एड0 तथा व्यायाम रत्न आदि उपाधियां केवल शारीरिक शिक्षा के अध्यापन हेतु मान्य होगी, किन्तु शारीरिक शिक्षा पद पर चयन हेतु बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 तथा डी0पी0एड0 अभ्यर्थियों हेतु टी0ई0टी0 अनिवार्य नहीं है।
6. किसी सेवा से बर्खास्त नैतिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह/पात्र नहीं होगें।
7. उपरोक्त् समस्त पद एक वर्ष/शैक्षिक सत्र के लिए संविदा पर आधारित होंगे तथा कार्य सन्तोषजनक होने की दशा में नियमानुसार जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त् कार्यकाल में वृद्धि की जा सकती है।
8. राज्य सरकार के नवीनतम प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा। उपरोक्त्तानुसार चयन हेतु अर्ह उम्र का निर्धारण/आगणन 01 जुलाई, 2017 से मान्य होगा।
9. चयन के सम्बन्ध में जिला स्तरीय चयन समिति का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।
10. अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ नवीनतम पासपोर्ट साइज की प्रमाणित दो फोटो–ग्राफस स्वप्रमाणित किये गये समस्त शैक्षिक अंक–पत्र, प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति व दो अपना पता (पिन कोड सहित व अपना दूरभाष नम्बर अवश्य अंकित करें।) लिखा हुआ लिफाफा, जिसमें से एक पर रू0 40/– का डाक टिकट लगा हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जौनपुर

11. एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने पर सभी आवेदन–पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे। लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, विषय एवं आरक्षण कोटि स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा।
12. गणित विषय हेतु स्नातक स्तर पर भौतिक, रसायन एवं गणित विषय का होना अनिवार्य है।
13. विज्ञान विषय के लिए जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषयों से स्नातक होना अनिवार्य है। हिन्दी शिक्षक हेतु स्नातक में हिन्दी विषय तथा इण्टर स्तर पर संस्कृत होना अनिवार्य है। सामाजिक विषय शिक्षक हेतु इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र में कम से कम दो विषय के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। प्रशिक्षित एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही वार्डेन/शिक्षिका पद हेतु अर्ह होगें।
14. केवल पंजीकृत डाक से ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। साधारण डाक से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्यालय में सीधे आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किया जायेगा।
15. शैक्षिक अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र तथा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत् अद्यतन जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। जाति प्रमाण–पत्र संलग्न न करने/जाति प्रमाण–पत्र के वैध न होने की दशा में आरक्षण का लाभ देते हुए अभ्यर्थी को सामान्य अभ्यर्थी मानते हुए मेरिट का निर्माण किया जायेगा। आवेदन पत्र के लिफाफे से प्राप्त अभिलेख ही मान्य होंगे। अलग से कोई भी अभिलेख स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अतएव, आवेदन पत्र में संलग्नकों की संख्या व प्रकार भी अनिवार्य रूप से अंकित करें।
16. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर फुलस्केप कागज पर एक ही पृष्ठ पर होना अनिवार्य है। अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित/साधारण डाक से प्राप्त/प्रमाणित फोटो रहित/निर्धारित प्रारूप से भिन्न आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगें।
17. रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है तथा किसी भी पद के लिए विज्ञापन निरस्त करने का सर्वाधिकार सदस्य सचिव/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
18. गुणांकों के आगणन हेतु अंकपत्र (प्रत्येक समेस्टर/वर्ष) की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। सी0जी0ए0/ग्रेडिंग आधारित अंक–पत्रों पर सी0जी0ए0/ग्रेडिंग एवं अंकों के आगणन की शीट भी अनिवार्य रूप से संलग्न करें। अंकपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न न होने की दशा में गुणांक/लब्धांक का निर्धारण सम्भव नहीं होगा। फलतः आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा।
19. उक्त् विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद की वेबसाइट **http://jaunpur.nic.in** पर भी उपलब्ध है।
20. पोस्टल विलम्ब के लिए किसी भी प्रकार से विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जौनपुर

प्राचार्य
डायट, जौनपुर

पृ0सं0: एस0एस0ए0/ 195 /2017–18 दिनांक उक्तवत्।

प्रतिलिपि– जिला सम्वाददाता "दैनिक जागरण" एवं "अमर उजाला" को इस आशय से प्रेषित कि अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में न्यूनतम सरकारी दर पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जौनपुर

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जौनपुर

प्राचार्य
डायट, जौनपुर

## आवेदन पत्र का प्रारूप

**आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ–साफ भरा जाये, कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी।**

आवेदित पद का नाम ..............................विषय.................... आवेदित विद्यालय का नाम ...................................

1. अभ्यर्थिनी / अभ्यर्थी का नाम ...........................
2. पिता का नाम .........................................
3. पति का नाम .........................................
4. स्थायी पता................................................ पिन कोड............
5. पत्र व्यवहार का पता ................................ पिन कोड.................. (पिन कोड भी अनिवार्य रूप से अंकित करें।)
   दूरभाष / मोबाइल नं0 –.............................................

*स्व हस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा करें।*

6. आरक्षण कोटि .................................... (अद्यतन सक्षम अधिकारी से जारी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। प्रमाण पत्र संलग्न न करने / प्रमाण पत्र की वैधता न होने की दशा में अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।)
7. जन्मतिथि अंकों में ......................... शब्दों में .......................................
   01 जुलाई, 2017 को आयु ..................वर्ष............माह................दिन
8. जाति (स्पष्ट रूप से उल्लेख करें) ...............................................
9. शैक्षिक योग्यता –

| क्र0 सं0 | शैक्षिक योग्यता | संस्था का नाम | बोर्ड / विश्व विद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | | |
| 3 | स्नातक (सम्पूर्ण वर्षों के योग के आधार पर) | | | | | | | |
| 4 | प्रशिक्षण | | | | | | | |
| 5 | उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | | |

(समस्त अंक–पत्र / प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। सी0जी0ए0 मार्किंग / ग्रेडिंग होने पर आगणन हेतु आगणन शीट संलग्न करें।)

10. अन्य योग्यता (प्रमाण पत्र संलग्न करें) .............................
11. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें)...........................

### घोषणा

मैं ............................पुत्र / पुत्री .................. यह घोषणा करता / करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् मेरे द्वारा अंकित विवरण मेरी अधिकतम जानकारी में पूर्णतया सत्य हैं एवं किसी तरह का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। जाँच में कोई भी तथ्य / संलग्न प्रमाण–पत्र फर्जी अथवा कूटरचित पाये जाने पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा लिया गया अन्तिम निर्णय मान्य होगा।

दिनांक — हस्ताक्षर

स्थान

..................................

(अभ्यर्थी का पूरा नाम)

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जौनपुर